UNION PUBLIC SERVICE COMMISSION

CISF ASSISTANT COMMANDANTS [EXECUTIVE] LIMITED DEPARTMENTAL COMPETITIVE EXAMINATION, 2022

The Union Public Service Commission will hold a Limited Departmental Competitive Examination, 2022 on 13th March, 2022 for filling the vacancies of Assistant Commandants (Executive) in Central Industrial Security Force (CISF). The Examination will be held at New Delhi. The tentative number of vacancies to be filled on the basis of the Examination will be 19 (General-14, SC-03, ST-02).

2. The Examination is restricted to only certain categories of departmental candidates of CISF. **For details regarding eligibility conditions, the syllabus and scheme of the examination, physical/ medical standards etc., aspirants should consult the Rules of the Examination notified by Ministry of Home Affairs in the Gazette of India dated 01.12.2021 which may be downloaded from the CISF website at address www.cisf.gov.in The Rules will also be available on UPSC website www.upsc.gov.in**.

3. **How to Apply/Last Date**

The candidates are required to fill in the application form **online** on the UPSC's website www.upsc.gov.in. The online application form can be filled **from 1st December, 2021 to 21st December, 2021**, after which the link will be disabled. Candidates are also required to route a hard copy of the online-submitted application through proper channel to the CISF authorities at the address: **Director General, Central Industrial Security Force, 13, CGO Complex, Lodi Road, New Delhi-110003,** for verification and onward transmission to the Commission.

4. e-Admission Certificates of the admitted candidates to this examination will be uploaded in the UPSC website www.upsc.gov.in **two weeks** before the date of examination and can be downloaded by the eligible candidates. No paper Admission Certificate will be issued by the Commission.

Mobile Phones are banned in the Campus of UPSC Examination Halls.

All the candidates applying for the CISF (AC) Limited Departmental Competitive Examination, 2022 are requested to fill the Application Form Online.

Please read the following instructions before filling up the online application.

1. CANDIDATES TO ENSURE THEIR ELIGIBILITY FOR THE EXAMINATION:

The candidates applying for the examination should ensure that they fulfill all eligibility conditions for admission to examination. Their admission to all the stages of the examination will be purely **provisional** subject to satisfying the prescribed eligibility conditions.

Mere Issue of e-admission certificate to the candidate will not imply that his/her candidature has been finally cleared by the Commission.

2. HOW TO APPLY:

(a) Candidate must apply online by using the website http://www.upsc.gov.in. Candidate should ensure that all columns of the Online Application Form are filled in correctly. No correspondence will be entertained by the Commission from candidates to change any of the entries made in the application form.

Candidates are required to route a hard copy of the online submitted application form through proper channel with necessary certification done by the appropriate authority to the CISF authorities at the address: Director General, Central Industrial Security Force, 13, CGO Complex, Lodi Road, New Delhi-110003, for verification and onward transmission to the Commission on or before **30th December, 2021.**

3. LAST DATE FOR RECIEPT OF APPLICATIONS:

The Online Applications can be filled up to **21st December, 2021 till 6:00 P.M.** after which link will be disabled. The last date for receiving printed copy (hard copy) of online application form along with enclosures/certificates is **30th December, 2021, by CISF authority for further verification and forwarding the same to the Commission.**

GUIDELINES FOR FILLING THE ONLINE APPLICATION FORM FOR CISF (AC) LIMITED DEPARTMENTAL COMPETITIVE EXAMINATION, 2022

Please log on to the website www.upsc.gov.in and click on the link “Application for CISF-LDCE, **2022**.”

1. Candidates who wish to apply for **CISF-LDCE**, **2022** have to first get themselves registered before filling up the Online Application Form at the website www.upsconline.nic.in.
2. Please create your registration account by clicking appropriately on the link provided below the “login” button.
3. On the registration module, provide your Name (as recorded in the matriculation/secondary examination certificate), CISF Number, rank and Date of Birth (as recorded in the matriculation/secondary examination certificate).
4. Provide your e-mail address and re-enter your e-mail address.
5. Enter the random number which is appearing on the screen and click the submit button.

NB: (a) All the field mark with * are mandatory and are compulsory to fill in.

(b) Please ensure that you provide a valid and an active e-mail address in the e-mail address field as your password for filling up the online application form along with Registration ID (RID) shall be e-mailed to you on the e-mail address provided by you.

संघ लोक सेवा आयोग

<u>केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सहायक कमांडेंट (कार्यकारी)</u>

<u>सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2022</u>

संघ लोक सेवा आयोग, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में सहायक कमांडेंट (कार्यकारी) की रिक्तियों को भरने के लिए दिनांक **13 मार्च, 2022** को सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, **2022** का आयोजन करेगा। यह परीक्षा नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की अनुमानित संख्या **19** है **(सामान्य वर्ग-14, अ.जा.-03, अ.ज.जा.-02)।**

2. यह परीक्षा केवल केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में कार्यरत कुछेक श्रेणियों के विभागीय उम्मीदवारों तक सीमित है। **पात्रता की शर्तों, परीक्षा पाठ्यक्रम तथा योजना, शारीरिक तथा चिकित्सा मानदंड आदि संबंधी विवरण की जानकारी के लिए उम्मीदवार, गृह मंत्रालय द्वारा दिनांक 01.12.2021 को भारत के राजपत्र में अधिसूचित इस परीक्षा के नियमों का अवलोकन करें। इन्हें सीआईएसएफ की वेबसाइट <u>www.cisf.gov.in</u> से डाउनलोड किया जा सकता है। ये नियम संघ लोक सेवा आयोग के वेबसाइट <u>www.upsc.gov.in</u> पर भी उपलब्ध होंगे।**

3. **<u>आवेदन कैसे करें/अंतिम तिथि</u>**

उम्मीदवारों को संघ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट **<u>www.upsc.gov.in</u>** का प्रयोग करते हुए **ऑनलाइन** आवेदन पत्र भरना होगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र **दिनांक 1 दिसंबर, 2021 से 21 दिसंबर, 2021** तक भरा जा सकता है, जिसके बाद लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। उम्मीदवारों को ऑनलाइन रूप से जमा किए गए आवेदन पत्र की मुद्रित प्रति, उचित माध्यम से, सीआईएसएफ प्राधिकारियों को निम्नलिखित पते पर भी भेजनी होगी: **महानिदेशक, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, 13, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003**, ताकि समुचित सत्यापन के उपरांत इन आवेदन पत्रों को आयोग को अग्रेषित किया जा सके।

4. इस परीक्षा में प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों के ई-प्रवेश पत्र, परीक्षा के आयोजन की तिथि से **दो सप्ताह** पहले संघ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट <u>www.upsc.gov.in</u> पर अपलोड कर दिए जाएंगे, जहां से पात्र उम्मीदवार इन्हें डाउनलोड कर सकेंगे। आयोग द्वारा कोई कागजी प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

संघ लोक सेवा अयोग के परीक्षा भवनों के परिसर में मोबाइल फोन प्रतिबंधित हैं।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल(सहायक कमांडेंट), सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा 2022 के लिए आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन पत्र ऑनलाइन भरें।

<u>ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले कृपया निम्नलिखित दिशा-निर्देशों को पढ़ लें:</u>

1. उम्मीदवार परीक्षा के लिए अपनी योग्यता सुनिश्चित करें:

इस परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिए योग्यता की सभी शर्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा के सभी चरणों में उनका प्रवेश पूर्णत: **अनंतिम** होगा और निर्धारित योग्यता शर्तों को पूरा करने पर निर्भर करेगा।

उम्मीदवार को प्रवेश पत्र जारी कर देने मात्र का अर्थ यह नहीं होगा कि आयोग द्वारा उनकी उम्मीदवारी को अंतिम रुप से स्वीकार कर लिया गया है।

2. आवेदन कैसे करें

क. उम्मीदवारों को www.upsc.gov.in वेबसाइट का प्रयोग करते हुए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करना होगा। उम्मीदवार को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि ऑनलाइन आवेदन पत्र के सभी कॉलम सही भरे गए हैं। आयोग, उम्मीदवारों द्वारा, ऑनलाइन आवेदन पत्र में की गई प्रविष्टियों में किसी प्रकार के परिवर्तन करने संबंधी पत्र-व्यवहार पर विचार नहीं करेगा।

उम्मीदवार, ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र की मुद्रित प्रति को सक्षम प्राधिकारी द्वारा समुचित प्रमाणन के उपरांत उचित माध्यम द्वारा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल प्राधिकारियों को दिनांक **30 दिसंबर, 2021** तक या उससे पूर्व, निम्नलिखित पते पर भेजेंगे : महानिदेशक, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, 13, सीजीओ कॉम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003; जिसे सत्यापन के उपरांत आयोग को आगे भेजा जाएगा।

3. **आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि**:

ऑनलाइन आवेदन पत्र **<u>दिनांक 21 दिसंबर, 2021</u> को अपराहन 6:00 बजे तक** भरे जा सकते हैं, जिसके बाद लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। **केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल प्राधिकारियों द्वारा सत्यापन के उपरांत आयोग को प्रेषित करने के लिए,** संलग्नकों/ प्रमाण पत्रों सहित **ऑनलाइन आवेदन पत्र की मुद्रित प्रति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 दिसंबर, 2021 है।**

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सहायक कमांडेंट), सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा 2022 हेतु ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरने संबंधी दिशा-निर्देश

कृपया www.upsc.gov.in वेबसाइट पर लॉग-ऑन करें और “Application for **CISF-LDCE 2022**” (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल - सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा-2022) हेतु आवेदन लिंक पर क्लिक करें।

1. सीआईएसएफ- सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2022 के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने से पहले www.upsc.gov.in वेबसाइट पर स्वयं को रजिस्टर करना होगा।
2. कृपया “लॉग-इन” बटन के नीचे उपलब्ध कराए गए लिंक पर विधिवत क्लिक करके अपना रजिस्ट्रेशन अकाउंट खोलें।
3. पंजीकरण मॉड्यूल पर, अपना नाम (मैट्रिकुलेशन/सेकेंडरी परीक्षा प्रमाण-पत्र में रिकार्ड किए अनुसार), सीआईएसएफ क्रमांक, रैंक तथा जन्म-तिथि (मैट्रिकुलेशन/सेकेंडरी परीक्षा प्रमाण-पत्र में रिकार्ड किए अनुसार) दर्ज करें।
4. कृपया अपना ई-मेल दर्ज करें तथा इसकी पुष्टि करने हेतु अपना ई-मेल पता पुन: दर्ज करें।
5. स्क्रीन पर दिखाई देने वाली रैंडम संख्या को प्रविष्ट करें और ‘सबमिट’ बटन क्लिक करें।

(क) सभी * अंकित प्रविष्टियां अनिवार्य हैं और इन्हें अवश्य भरा जाना चाहिए।

(ख) कृपया यह सुनिश्चित करें कि आपने ई-मेल पते हेतु विनिर्दिष्ट स्थान पर वैध और सक्रिय ई-मेल पता दिया है क्योंकि ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने के लिए आपके पासवर्ड सहित आपकी रजिस्ट्रेशन आईडी अर्थात आरआईडी भी आपके द्वारा उपलब्ध कराए गए ई-मेल पते पर भेजी जाएगी।